Dainik Athah

Date: 07/03/2022

बच्चों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया

आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस

सेवा

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को उपहार से सम्मानित किया

अथाह संवाददाता

गाजियाबाद। राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस हर साल 6 मार्च को उन चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये मनाया जाता है, जो आपके दांतों को स्वस्थ रखने में आपकी मदद करते है। साथ ही यह दंत चिकित्सा के प्रति जागरूकता लाने का एक तरीका भी है ताकि लोग अपने दांतों की देखभाल करने के तरीके के बारे में अधिक जान सकें।

यह उन लोगों को भी प्रोत्साहित करता है, जो मौखिक स्वच्छता की जांच के लिए दंत चिकित्सक के पास आने से बचते है। इसमें मुख्यतः बच्चों को ध्यान में रखते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षित किया गया क्योंकि वह हमारे देश का भविष्य है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये मुरादनगर के एलाइड पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों के मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। स्कूल के विद्यार्थियों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया तथा दांत साफ करने की सही तकनीक से भी ज्ञात

कराया गया। जिसके लिये प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए क्रेयॉन भी बांटे गये। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को उपहार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओ0पी0डी0 में आने वाले रोगियों को राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस और मौखिक स्वच्छता रखरखाव के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सभी रोगियों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न मौखिक स्वच्छता पर चर्चा की गई। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

Amar Ujala

Date: 06/03/2022

राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस मनाते छात्र। संवाद

दांतों को साफ रखने के लिए किया जागरूक

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस मौके पर दांतों को साफ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

प्रशासनिक अधिकारी दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस पर एलाइड पब्लिक स्कूल में शिविर लगाया गया, इसमें छात्रों और शिक्षकों के मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। छात्रों को मौखिक स्वास्थ्य के जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी, ड्राइंग व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चेयरमैन डॉ. आरपी चडढ़ा और वाइस चेयरमैन अर्पित चडढ़ा के निर्देशानुसार किया गया। संवाद

+

Date: 07/03/2022

गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, हापुड़, दिल्ली, लखनऊ में प्रसारित

@manasvi_vani

www. manasvivani.com

मनस्वी वाणी

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

Since 1995

Raja Travels & Car Bazar

Taxi Service, Air & Rail Tickets

Sale & Purchase Of Used Cars

Contact : 9811172512, 9891041444

LOHIA NAGAR / NEW ARYA NAGAR (GHAZIABAD)

राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित दैनिक समाचार पत्र

आपका विश्वास हमारी पहचान

वर्ष : 6 अंक : 282 पृष्ठ : 6 मूल्य : 2 रु. गाजियाबाद, सोमवार, 07 मार्च, 2022 RNI No. UPHIN/2016/67940 manasvivani@gmail.com 8285002838

आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस

मनस्वी वाणी, संवाददाता

मुरादनगर। दिल्ली मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में दंत चिकित्सक दिवस का आयोजन किया गया। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा ने बताया कि राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस पर हर वर्ष उन चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये मनाया जाता है, जो आपके दांतों को स्वस्थ रखने में आपकी मदद करते है। साथ ही यह दंत चिकित्सा के प्रति जागरूकता लाने का एक तरीका भी है ताकि लोग अपने दांतों की देखभाल करने के तरीके के बारे में अधिक जान सकें। यह उन लोगों को भी प्रोत्साहित करता है जो मौखिक स्वच्छता की जांच के लिए दंत चिकित्सक के पास आने से बचते है। इसमें मुख्यतः बच्चों को ध्यान में रखते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षित किया गया क्योंकि वह हमारे देश का भविष्य है।आरपी चड्ढा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये मुरादनगर के एलाइड पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों के मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। स्कूल के विद्यार्थियों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया तथा दांत साफ करने की सही तकनीक से भी ज्ञात कराया गया। जिसके लिये प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए क्रेयॉन भी बाटें गये। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को उपहार से सम्मानित किया इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओपीडी मे आने वाले रोगियों को राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस और मौखिक स्वच्छता रखरखाव के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सभी रोगियों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न मौखिक स्वच्छता पर चर्चा की गई इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।